









# 100 मीटर रेस में सबसे तेज दौड़े अभिषेक और नेहा

जागरण संवाददाता, बरेली : रुहेलखंड विश्वविद्यालय में चल रहे 50वें स्थापना दिवस समारोह के चौथे दिन छात्र-छात्राओं के बीच कबड्डी, दौड़, वालीबाल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और शूटिंग; प्रतियोगिता हुई। क्रीड़ा सचिव प्रो एसएस बेदी ने उद्घाटन किया। सबसे पहले एथलेटिक्स में हुई 100 मीटर पुरुष दौड़ में अभिषेक और महिला वर्ग में नेहा ने प्रथम स्थान हासिल किया।

200 मीटर पुरुष दौड़ में अभिषेक प्रथम, रोहित यादव द्वितीय, अमृतेश पांडे तृतीय, 400 मीटर दौड़ में विशाल बहादुर प्रथम, वासुदेव द्वितीय व अमरजीत तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर महिला दौड़ में नेहा प्रथम, आकांक्षा गुप्ता द्वितीय, तान्या तृतीय स्थान पर रही। 400 मीटर महिला दौड़ में नेहा प्रथम, वैष्णवी मिश्रा द्वितीय अंजलि रस्तोगी तीसरे स्थान पर रही। 100 मीटर दौड़ में अभिषेक प्रथम, रोहित यादव द्वितीय एवं मोहम्मद उस्मान तृतीय और 100 मीटर महिला दौड़ में नेहा प्रथम, आकांक्षा गुप्ता द्वितीय और वर्षा पांडे तीसरे स्थान पर रही। कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता में सीएसआइटी प्रथम, बी फार्मा द्वितीय एवं एमबीए तीसरे स्थान पर रहा। वालीबाल में कैंपस प्रथम, फार्मेसी द्वितीय, एमबीए तृतीय, शूटिंग पुरुष राइफल में सौरभ सिंह प्रथम, अखंड प्रताप सिंह द्वितीय और सूर्यकांत, शूटिंग महिला राइफल प्रतियोगिता में दरक्षा खान प्रथम, दिव्या सिंह द्वितीय और मेधावी वर्मा तीसरे स्थान पर रहीं। महिला शूटिंग पिस्टल प्रतियोगिता में फिजा खान प्रथम, कशिश यादव द्वितीय, रीता शर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया।



बरेली amarujala.com

# 400 मीटर दौड़ में विशाल, नेहा और राइफल शूटिंग में सौरभ सिंह अव्वल

## स्पोर्ट्स मीट के चौथे दिन छात्रों के बीच हुई खेल प्रतियोगिताएं

city sports

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। रुविवि के 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर, चौथे दिन स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में छात्रों के बीच खेल प्रतियोगिताएं हुई। क्रीड़ा सचिव प्रो. एसएस बेदी ने प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया।

दौड़ स्पर्धा के साथ ही प्रतियोगिता की शुरुआत हुई और दिनभर आयोजन हुए। समापन पर विजेताओं को कुलपति ने पुरस्कृत किया। इसमें पुरुष वर्ग 100 और 200 मीटर दौड़ में अभिषेक प्रथम, रोहित यादव द्वितीय रहे। 400 मीटर दौड़ में विशाल बहादुर ने बाजी मारी।

इसमें वासुदेव द्वितीय, अमरजीत तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग 100 और 200 मीटर मीटर दौड़ में नेहा पहले, आकांक्षा गुप्ता दूसरे रही। जबकि तीसरे स्थान पर क्रमशः वर्षा पांडेय और तान्या रहीं। 400 मीटर दौड़ में भी नेहा ही पहले स्थान पर रही।

वैष्णवी मिश्रा ने दूसरा और अंजलि रस्तोगी ने तीसरा स्थान पाया। पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में सीएसआईटी को प्रथम, बी फार्मा को द्वितीय और एमबीए को तृतीय स्थान हासिल मिला।

वॉलीबाल प्रतियोगिता में कैंपस की टीम अव्वल रही। फार्मेसी द्वितीय और एमबीए तृतीय स्थान पर रहीं। पुरुष शूटिंग राइफल प्रतियोगिता में सौरभ सिंह ने पहले, अखंड प्रताप सिंह ने दूसरे, सूर्यकांत ने तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। महिला शूटिंग राइफल प्रतियोगिता में दरक्षा खान प्रथम, दिव्या सिंह द्वितीय और मेधावी वर्मा तृतीय रहीं।

महिला शूटिंग पिस्टल प्रतियोगिता में फिजा खान को पहला, कशिश यादव को दूसरा और रीता शर्मा को तीसरा स्थान मिला। इस अवसर पर कुलपति प्रो. केपी सिंह, कुलसचिव संजीव कुमार, प्रो. एके सिंह, प्रो. संतोष अरोरा, प्रो. सुधीर वर्मा, प्रो. आशुतोष प्रिया, डॉ. पवन कुमार आदि थे।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र। अमर उजाला